आयकर अपीलीय अधिकरण, इंदौर न्यायपीठ, इंदौर

श्री चंद्रमोहन गर्ग, न्यायिक सदस्य तथा

श्री मनीष बोरड, लेखा सदस्य के समक्ष

आभासी (Virtual) सुनवाई के माध्यम से

आ.अ.सं. 447 / इंदौर /2017

निर्धारण वर्ष : 2010-11

मे. एलबीएफ पब्लिकेशन प्रा.लि, इंदौर	बनाम	आयकर उपायुक्त वृत्त 1(1), इंदौर
अपीलार्थी		प्रत्यर्थी
स्था.ले.सं.- एएबीसीएल 2471 क्यू		

अपीलार्थी की ओर से	श्री पंकज शाह, सीए
राजस्व की ओर से	श्री पी.के.सिंगी, वरिष्ठ विभागीय प्रतिनिधि
सुनवाई तिथि	28.07.2021
उद्घघोषणा तिथि	28.07.2021

आदेश

न्यायपीठ द्वारा

निर्धारण वर्ष 2010-11 से संबंधित निर्धारिती की उपरोक्त शीर्षक की अपील विद्वान आयकर आयुक्त (अपील), इंदौर-3 के आदेश दिनांक 19.04.2017 के विरूद्ध निदेशित है ।

2. सुनवाई के प्रारंभ में ही, निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि निर्धारिती ने “विवाद से विश्वास योजना,2020” के तहत आवेदन किया है तथा विभाग द्वारा फार्म सं. 3 जारी किया गया है । “विवाद से विश्वास योजना,2020” हेतु विरचित नियमों के अनुसार, वर्तमान अपील को वापिस लेना अपेक्षित है अतः इस अपील को वापिस लेने हेतु अनुरोध किया गया ।

3. दूसरी ओर, विद्वान विभागीय प्रतिनिधि (विप्र) ने निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता द्वारा “विवाद से विश्वास योजना,2020” में भाग लेने हेतु पात्र होने के उद्देश्य से वर्तमान अपील को वापिस लेने हेतु किए गए अनुरोध का विरोध नहीं किया ।

4. हमने परस्पर विरोधी दावों को सुना है तथा हमारे समक्ष रखे गए अभिलेखों का अवलोकन किया है । निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता द्वारा निवेदन किया गया कि चूंकि निर्धारिती ने “विवाद से विश्वास योजना,2020” में भाग लिया है, अतः निर्धारिती को वर्तमान अपील को वापिस लेना हैं । प्रकरण के इन तथ्यों एवं परिस्थितियों के अधीन, हम एतद् द्वारा निर्धारिती द्वारा दाखिल वर्तमान अपील को वापिस लिए जाने के कारण खारिज करते है ।

5. यद्यपि, निर्धारिती विधि के अनुसार, विनिहित अवधि के अंदर आदेश को वापिस बुलाने (recall) हेतु विविध आवेदन दाखिल करने के लिए स्वतंत्र होगा यदि उसका इस योजना में भाग लेने हेतु किया गया आवेदन राजस्व द्वारा किसी कारण से अस्वीकृत किया जाता है ।

6. परिणामतः, निर्धारिती की अपील वापिस लिए जाने के कारण खारिज की जाती है ।

यह आदेश 28.07.2021 को आयकर अपीलीय अधिकरण नियम, 1963 के नियम 34 के अंतर्गत उद्घोषित किया गया है।

हस्ता/-	हस्ता/-
(मनीष बोरड)	(चंद्रमोहन गर्ग)
लेखा सदस्य	न्यायिक सदस्य

दिनांक : 28.07.2021

प्रतिलिपि : अपीलार्थी, प्रत्यर्थी, आयकर आयुक्त (अपील), आयकर आयुक्त, विभागीय प्रतिनिधि, गार्ड फ़ाइल